प्रकाशनार्थ

गोरखपुर 30 सितम्बर । एक अक्टूबर प्रति वर्ष पूरे देश में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के रुप में मनाया जाता है, इस वर्ष राष्ट्रीय रक्तदान दिवस की थीम “At least Donate in a lifetime” से कम जीवन में एक बार रक्तदान करें हैं, एवं नारा रक्तदान करके देखो अच्छा लगता है। इस पावन अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक अपने सभी स्वःरक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए स्वःरक्तदाताओं को रक्तदान करने हेतु आवाह्‌न करता है। चुँकि किसी भी आपातकाल या प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु अथवा उन रोगियों जिन्हे रक्तदान की बार - बार आवश्यकता पडती है ऐसे रोगियों को इन स्वःरक्तदाताओं के बल पर ही ब्लड बैंक इनकी मदद कर पाता हैं। अतः आप सभी महान रक्तदाताओं से आग्रह है कि वे न सिर्फ अपने बल्कि अपने मित्रों एवं संबंधियों के साथ भारी से भारी संख्या में रक्तदान कर त्रिषियों एवं महर्षियों की श्रेंणी में खुद को स्थापित करने जैसा महान पावन एवं पूनित कार्य करें तथा रक्तदान के प्रति जन मानस में फैली नाना प्रकार कि भ्रांतियों को दुर करने तथा किसी भ्रम में न पडकर बढ - चढ कर रक्तदान करवाने का प्रयास करें। एक स्वस्थ्य व्यक्ति जो 18 से 65 वर्ष की आयु का है, जिसका वजन 45 किलो ग्राम से अधिक है तथा हीमोग्लोबिन की मात्रा 12.5 से अधिक है वह बिना किसी संकोच अथवा भय के रक्तदान कर सकता है।

आज इस शुभ अवसर पर रक्तदान करने वाले स्वःरक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीकात्मक भेंट उपहार स्वरुप दिया जाऐगा। यह जानकारी ब्लड बैंक प्रभारी डा0 अवधेश अग्रवाल ने दी।

डा0 अवधेश अग्रवाल

9415383373

उप मुख्यचिकित्साधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी,

गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय गोरखनाथ,

गोरखपुर